卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 329 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर ♦बृहस्पतिवार ♦4 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

# कांग्रेस की रायशुमारी में जमकर चले लात घूंसे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर अध्यक्ष के चयन को लेकर सिटी क्लब में बुलाई गई कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी। पर्यवेक्षक सामने कांग्रेस के दो गुटों में टकराव हो गया। इस दौरान जमकर हाथापाई हुयी। मारपीट में कुछ कार्यकर्ताओं के चोटिल होने की खबर हैं। कांग्रेस के एक नेता को मारपीट के बाद अस्पताल भर्ती कराना पड़ा। जानकारी के मुताबिक सिटी क्लब में महानगर अध्यक्ष के चयन को लेकर राय शुमारी बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें दिल्ली से ऑल इंडिया कांग्रेस के नरेश कुमार के अलावा देहरादून से भी पर्यवेक्षक पहुंचे थे। बैठक (शेष पृष्ठ सात पर)





## जिला और महानगर अध्यक्ष के इशारे पर हुई गुंडागर्दी

रुद्रपुर। कांग्रेस की आंतरिक खींचतान अब खुले टकराव में बदल गई है। मेयर पद का चुनाव लड़ चुके कांग्रेस नेता मोहन लाल खेड़ा ने जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों पदाधिकारी अपनी कुर्सी बचाने के लिए गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। खेड़ा ने आरोप लगाया कि नगर अध्यक्ष ने कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में बाहर से गुंडे बुलाए और उनके इशारे पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मिश्रा की बेरहमी से पिटाई कराई। यही नहीं, गुंडों ने मिश्रा को उठाकर गाड़ी में ले जाने का (शेष पृष्ठ सात पर)



# गधेरे में बही बाईक,वन दरोगा की मौत



नैनीताल। जिले के दुर्गम बेतालघाट और खैरना को जोड़ने वाले मोटर मार्ग में बाईक सवार वन दरोगा के डोलकोट गधेरे में बहने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने देर रात्रि रेस्क्यू अभियान चलाकर मोटरसाइकिल सहित वनकर्मी के शव को काफी मुश्किलों के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे अपनी बाइक से जा रहे सिमलखा निवासी 35 वर्षीय वन दरोगा देवेंद्र सिंह बिष्ट और उनके साथी डोलकोट गधेरे में रपट गए और तेज बहाव में बह गए।दोस्त तो बच गया लेकिन देवेंद्र गधेरे में बह गया। देवेंद्र के साथी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए आए लेकिन पानी के तेज बहाव और घनघोर अंधेरे के कारण उन्हें कुछ नहीं दिखा। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद एसडीआरएफ के साथ लोक निर्माण विभाग की दो जे.सी.बी. मशीन को रैस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया। देर रात पहले (शेष पृष्ठ सात पर)

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण से प्रभावित परिवार डीएम से मिले

## महापौर और पूर्व विधायक ने की पैरवी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर एयरपोर्ट के किये जा रहे विस्तारीकरण प्रक्रिया के तहत क्षेत्र में चिन्हीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिस कारण यहां लगभग आठ सौ परिवारों के उजड़ने का खतरा मंडराने लगा है। अपने आशियाने को उजड़ने से बचाने के लिए आज पंतनगर के सैकड़ों प्रभावित लोगों ने मेयर विकास शर्मा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ कलैक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी समक्ष समस्या रखी। जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए मेयर विकास शर्मा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि राज्य के विकास की कड़ी में पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस क्षेत्र की जद में लगभग आठ सौ परिवार आ रहे हैं। यदि इन्हे अभी उजाड़ दिया गया तो इनके समक्ष आवास, रोजी रोटी, भोजन सहित कई मूलभूत समस्यायें आ जायेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रभावित परिवारों को हटाने (शेष पृष्ठ सात पर)



# बुजुर्ग का पेड़ से लटका शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब बुधवार शाम एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, इंदिरानगर के पास जंगल में स्थानीय लोगों ने पेड़ से लटका शव देखा। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। इसके बाद करीब शाम 6:20 बजे वन विभाग ने थाना बनभूलपुरा को मामले की जानकारी दी।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुरेंद्र सिंह तोमर (66 वर्ष) पुत्र सूरज पाल तोमर, निवासी शिवाजी कॉलोनी, फार्म नंबर-3, देवलचौड़, हल्द्वानी के रूप में हुई।थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल पाएगा।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया।

# सीएम दरबार पहुंचा करोड़ों की राजस्व हानि का मामला

## दोषियों को बचाने में जुटे हैं सिंचाई विभाग के अधिकारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में वर्ष 2022 में करोड़ों की सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पूरे प्रकरण में सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एक बार फिर से अपनी गर्दन बचाने में जुट गए हैं। फिलहाल सरकार के राजस्व को हुए करोड़ों के नुकसान मामले में शिकायती पत्र मुख्यमंत्री को भेजकर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराने की मांग की गई है। बता दें कि वर्ष 2022 में कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित 150 मीटर गूल/पक्की नाली को अज्ञात तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर राजस्व को करोड़ों रूपयों का नुकसान किया गया था। इस मामले में इसी वर्ष 24 नवंबर को विभाग के अपर सहायक अभियंता विनोद कुमार द्वारा कुंडा थाना पुलिस को पत्रांक संख्या 669 के माध्यम से तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई लेकिन पुलिस ने विभागीय अधिकारियों से सांठ-गांठ कर मामले को गोलमोल कर दिया। वर्ष 2022 की 25 सितंबर को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत छ: बिन्दुओं पर जानकारी मांगने पर लोक सूचना अधिकारी/तत्कालीन अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड काशीपुर ने जवाब में बताया कि संबंधित सूचना कार्यालय अभिलेखों में धारित नहीं है। मीडिया के माध्यम से मामला सुर्खियों में आने पर 2022 की 22 नवंबर को जिलेदार प्रेम प्रकाश के द्वारा मौके पर जांच की गई। जांच में सत्यता पाए जाने पर जिलेदर द्वारा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर कराने का आश्वासन दिया गया। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर वर्ष 2024 में आरटीआई कार्यकर्ता आसिम मजहर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मंडल (शेष पृष्ठ सात पर)

## आयोग के निर्देशों की उड़ाई धज्जियां

काशीपुर। करोड़ों के हुए नुकसान मामले में सूचना आयोग ने सुनवाई के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों को दोषियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने के स्पष्ट निर्देश दिए थे लेकिन सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सूचना आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए मामले की लीपापोती कर दी।

# उधम सिंह नगर की 'चुनावी गड़बड़ी' पर हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

## डीएम उधम सिंह नगर को पराजित बीडीसी प्रत्याशी की चुनावी याचिका के अंतिम निराकरण तक मत पत्र सुरक्षित रखने के दिए आदेश

-अर्श-

नैनीताल। उत्तराखंड में बीते माह संपन्न हुए पंचायत चुनाव में हुई कतिपय अनियमितताओं से संबंधित मामले अब एक-एक कर नैनीताल उच्च न्यायालय के समक्ष पहुंचने लगे हैं। नैनीताल उच्च न्यायालय की एकल खंडपीठ के समक्ष पंचायत चुनाव के दौरान उधम सिंह नगर जिले के ग्राम सिनोना में हुई चुनावी गड़बड़ी के एक ऐसे ही मामले की बीते रोज सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने उधम सिंह नगर के जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि जब तक याचिकाकर्ता की चुनाव याचिका नैनीताल उच्च न्यायालय से निस्तारित नहीं हो जाती, तब तक मत पत्रों को नष्ट न किया जाए। बताना होगा कि उधम सिंह नगर जनपद के ग्राम सिनोना निवासी शिवानी राणा ने नैनीताल हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। अपनी याचिका में शिवानी राणा ने कहा है कि उन्होंने अपनी ग्राम सभा क्षेत्र से बीडीसी मेंबर का चुनाव लड़ा था। उधम सिंह नगर जिला प्रशासन द्वारा उपरोक्त चुनाव बीती 24 जुलाई को कराया गया था और चुनाव का परिणाम 31 जुलाई को दोपहर ढाई बजे के आस पास घोषित किया गया था। जिसमें याचिकाकर्ता को मात्र 9 मतों के अंतर से पराजित घोषित कर दिया गया। तब याचिकाकर्ता ने रिटर्निंग ऑफिसर से री-काउंटिंग कराने का निवेदन किया गया ,लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने दोबारा मतगणना करने से साफ इनकार कर दिया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता एवं बीडीसी सदस्य प्रत्याशी ने उधम सिंह नगर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में चुनाव संबंधी याचिका दायर की, लेकिन उन्हें वहां से अभी तक कोई न्याय नहीं मिला। लिहाजा न्याय न मिलने के कारण याचिकाकर्ता को नैनीताल हाईकोर्ट की शरण लेने को मजबूर होना पड़ा। संबंधित चुनाव के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए याचिकाकर्ता शिवानी राणा ने नैनीताल उच्च न्यायालय से फरियाद की है कि उनके क्षेत्र में कुल 3,206 वोटर थे। उनमें से विजेता को 1,447 वोट पड़े। जबकि, उन्हें 1,438 मत तथा विपक्षी संख्या 2 को 256 मत पड़े और 65 मत अवैध घोषित कर दिए गए एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विपक्षी संख्या 1 को 9 मतों से विजयी घोषित कर दिया।जब उनके एजेंट ने मतों की दोबारा मतगणना की बात की तो रिटर्निंग अधिकारी ने दोबारा मतगणना करने से साफ इनकार कर दिया। जिससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने री काउंटिंग कराने के लिए 6 अगस्त 2025 को उधम सिंह नगर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में चुनाव याचिका प्रस्तुत की।याचिकाकर्ता शिवानी राणा के अधिवक्ता की ओर से सुनवाई के दौरान एकल पीठ को बताया गया कि उधम सिंह नगर जिला मजिस्ट्रेट की (शेष पृष्ठ सात पर)



# मानसून के बाद सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए : सीएम

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक कर राज्य की कानून-व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, सेवा पखवाड़ा एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनता को सुगम, सुरक्षित एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। राज्य की सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। पुलिस द्वारा रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के बाद सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बरसात के बाद सड़कों के सुधारीकरण और गड्ढा मुक्त कराने के लिए निविदा प्रक्रिया अभी पूर्ण कर ली जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी जनपदों में सेवा, जनजागरूकता एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसे समयबद्ध रूप से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं सड़क मार्ग से विभिन्न जनपदों का भ्रमण करेंगे और विभिन्न व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री ने रेत मिश्रित नमक से संबंधित शिकायत को गंभीरता से लिया और तत्काल नमूना लेकर जाँच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव, मुख्य सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक श्री ए.पी. अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव श्री बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

# आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान हेली सेवाओं के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश

## राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि मद के अंतर्गत राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में सीएस ने दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि मद के अंतर्गत राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान समिति द्वारा पुलिस महानिदेशक को एसडीआरफ दल को प्रशिक्षण हेतु इस मद हेतु वित्तीय वर्ष 2024 - 25 की अवशेष धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025 - 26में व्यय किए जाने, जनपद चंपावत एवं पौड़ी को क्रमशः पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण एवं राहत एवं बचाव कार्यों को दूसरी किश्त आबंटित किए जाने पर सहमति प्रदान की गई।मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष सहित आपदा प्रभावितों को अनुमन्य अनुग्रह अनुदान सहायता तत्काल वितरित की जाए। इसमें लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित किया जाए। मुख्य सचिव ने आपदा विभाग को आपदा जैसी आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान हेली सेवाओं के प्रयोग के लिए एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने देहरादून में रिस्पना नदी के चैनलाइजेशन और ड्रेजिंग आदि कार्यों के लिए सिंचाई विभाग और लोक निर्माण विभाग को आपसी सामंजस्य



के साथ प्रस्ताव तैयार कर कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश की सभी बड़ी नदियों का अध्ययन कर सम्पूर्ण कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। कार्यों को उनकी प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने खतरे की जद वाली सभी बड़ी बस्तियों के बाढ़ सुरक्षा कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में बायो इंजीनियरिंग और बायो फेंसिंग का प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने इस सम्बन्ध में वन विभाग द्वारा जाइका के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी के लिए सम्बन्धित विभागों के साथ वर्कशॉप आयोजित किए जाने की बात भी कही।इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, विनोद कुमार सुमन, युगल किशोर पंत, अपर सचिव विनीत कुमार, आनन्द स्वरूप सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# बागजाला में 17 वें दिन भी जारी रहा धरना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजाला गांव में भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर



अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 17 वें दिन भी जारी रहा। समर्थन में बिंदुखत्ता से पहुंचे वरिष्ठ किसान नेता पुष्कर दुबड़िया ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के मुद्दों से मुंह चुरा रही है इसलिए सरकार को जगाने के लिए जोर से बोलना जरूरी है। किशन सिंह बघरी ने कहा कि नैनीताल जिले में भूमि के मालिकाना अधिकार से वंचित लोगों की आबादी हजारों में है। अपने अधिकार के लिए सभी भूमिहीनों को एक मंच पर आना होगा। किसान नेता गोविन्द सिंह जीना ने कहा कि, जो लड़ने को तैयार नहीं, जो मरने को तैयार नहीं, उसका कोई इतिहास नहीं इसलिए संघर्ष ही एकमात्र विकल्प है। नैन सिंह कोरंगा ने कहा कि बिंदुखत्ता हो या बागजाला आज तक जो भी जीत हासिल हुई है वो आंदोलन के बल पर हुई है और आगे भी लड़ाइयां आंदोलन के बल पर जीती जाएंगी। 17 वें दिन के धरने में आनन्द सिंह नेगी, डा उर्मिला रैस्वाल, विमला देवी, हेमा देवी, प्रेम सिंह नयाल, डा कैलाश पाण्डेय, हरक सिंह बिष्ट, ऋषि मटियाली, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, हेमा देवी, भगवती गोस्वामी, हरि गिरी, सोहन लाल, पारवती, नसीम, मो यासीन, गणेश राम आर्य, चन्दन सिंह मटियाली, भोला सिंह, मोहन लाल, दीपा देवी, लक्ष्मी, तुलसी देवी, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, अम्बा दत्त, प्रताप सिंह रावत, दौलत सिंह कुंजवाल, पुष्पा, बैजन्ती, नन्दी, चंपा, नीमा, हेमा, सरोज, बबली, सुनीता, दुर्गा देवी, बिपिन कुमार टम्टा, इलियास, मारूफ अली, रेखा, जानकी, सलमा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# उधमसिंहनगर का तस्कर 70 लाख की हेरोइन के साथ बनबसा में गिरफ्तार

बनबसा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के संकल्प को साकार करने की दिशा में चम्पावत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले की एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए पाटनी चौराहा क्षेत्र से एक तस्कर को 213 ग्राम हेरोइन और मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 70 लाख रुपये आंकी जा रही है।एसपी चम्पावत अजय गणपति के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी हुई थी। टीम ने मुखबिर की सूचना पर पाटनी चौराहा के पास घेराबंदी कर बलजीत सिंह निवासी उधम सिंह नगर को धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से 213 ग्राम हेरोइन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह हेरोइन टांटरगंज से लाता था और नेपाल के कैसिनो तक सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और सप्लाई चौन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है।एसपी अजय गणपति ने कहा कि जिले में नशा माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



# दिव्य और भव्य होगा हरिद्वार कुंभ का आयोजन: सीएम

## कुंभ से संबंधित सभी स्थायी प्रकृति के कार्य अक्टूबर 2026 तक पूरे करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हरिद्वार में कुम्भ मेला 2027 के भव्य आयोजन की सभी तैयारियां समय रहते हुए स्थायी प्रकृति के कार्य अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किये जाएं। कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर वर्गीकृत कर उन्हें पूर्ण किये जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यों को आगे बढ़ायें। बुधवार को सचिवालय में हरिद्वार कुंभ 2027 की तैयाके क्रम में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भव्य और दिव्य कुंभ का आयोजन कराना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेला संबंधित सभी कार्य विस्तारित क्षेत्र और मास्टर प्लान को ध्यान में रख कर किए जाएं। मास्टर प्लान में सभी सेक्टर, मार्ग, पार्किंग, घाट, कैम्प स्थलों को स्पष्ट तौर पर चिन्हित किया जाए, ताकि इसके अनुसार आवश्यक भूमि का अधिग्रहण करने के साथ ही संबंधित भूमि का अस्थायी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही भीड़ का दबाव कम करने के लिए नए घाटों का निर्माण, कांगड़ा घाट का विस्तार और मौजूदा घाटों की मरम्मत भी समय से पूकर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सरकाभूमि, सड़कों पर से अतिक्रमण सख्ती के साथ हटाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूआईआईडीबी



द्वारा हरिद्वार गंगा कॉरिडोर में जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें कुंभ को देखते हुए प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन बहादराबाद - श्यामपुर बाईपास को जल्द पूरा किया जाए, ताकि इसका अधिकतम लाभ कुंभ के दौरान मिल सके। इसी तरह श्यामपुर, गैंडीखाता एवं चण्डीघाट क्षेत्र में विशेष टेंट लगाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाए। इसी तरह कुंभ क्षेत्र में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ट्रैफिक डायवर्जन योजना, पार्किंग स्थल की व्यवस्था की जाए। पार्किंग दूर होने पर शटल सेवा की व्यवस्था पर विचार किया जाए। कुंभ क्षेत्र में आंतरिक मार्गों को भी समय से ठीक किया जाए, इसका लाभ स्थानीय निवासियों को भी मिलेगा। मंसा देवी, चंड़ी देवी पैदल मार्ग के सुदृढीकरण का कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ठोस कचरा अपशिष्ट के लिए जीरो वेस्ट कॉन्सेप्ट अपनाया जाए, कुंभ क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डस्टबिन, रीसाइक्लिंग सिस्टम और मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पिंक टायलेट और चेंजिंग रूम की भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों और गंगा तटों पर 24 घंटे सफाई व्यवस्था की जाए। हरकी पैड़ी में श्रद्धालुओं के लिए आरती और बैठने की समुचित व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा से संबंधित सभी इंतजाम समय से पूकर ली जाएं। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था के साथ ही पार्किंग स्थलों पर सभी मूलभूत सुविधाएं दी जाए जाएं। श्रदध्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रत्येक घाट पर लाइफगार्ड, सुरक्षा रस्सी और मोटर बोट की उपलब्धता हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालु उत्तराखंड से अच्छे अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। इसके लिए कार्मिकों को अभी से प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ रखी जाएं। मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था की जाए। मेला प्रबंधन में आईटी व डिजिटल सेवाओं का अधिकतम उपयोग किया जाए। श्रद्धालुओं को रियल-टाइम सूचना देने के लिए मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन और सूचना केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने मुख्य सचिव को कुंभ मेला तैयाकी समीक्षा 15 दिन में करने के निर्देश दिए हैं।बैठक में विधायक मदन कौशिक, प्रेमचंद अग्रवाल, आदेश चौहान, श्रीमती रेनू बिष्ट, रवि बहादुर, श्रीमती अनुपमा रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एल फनेई, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डॉ पंकज पांडेय, डॉ आर राजेश कुमार, धीराज सिंह गर्ब्याल, युगल किशोर पंत, मेलाधिकाश्रीमती सोनिका और वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप एवं संबंधित जिलाधिकाएवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

# गोला किनारे बसे इंद्रानगर और रावतनगर का दौरा किया

## भाकपा माले ने गोला नदी से हुई तबाही के लिए शासन प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

लालकुआं(उद संवाददाता)। भाकपा(माले) कार्यकर्ताओं ने गोला नदी से हो रही तबाही का जायजा लेते हुए तबाही के लिए बिंदुखत्तावासियो के प्रति शासन-प्रशासन की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। भाकपा(माले) कार्यकर्ताओं की एक टीम ने एरिया सचिव कॉमरेड पुष्कर दुबड़िया के नेतृत्व में गोला किनारे बसे इंद्रानगर और रावतनगर का दौरा किया। इंद्रानगर में 3 4 घर गोला नदी से तबाही की जद में हैं। जिनमें से एक परिवार ने अपना घर तोड़कर ईट ,सरिया जैसा सामान शिफ्ट करना भी शुरू कर दिया है। दोनों गांवों में दर्जनों परिवार की जमीनें गोला नदी में समा गई हैं। पिछले कई सालों से इस तरह की तबाही से दर्जनों परिवार का घर, जमीन गोला में समा जाने से बेघर हो गए हैं। लेकिन पूर्व व वर्तमान के स्थानीय विधायकों व प्रशासन ने सिर्फ खानापूर्ति करते हुए चकडैम ही बना रहे हैं और ये चकडैम हर साल गोला नदी में बह जाते हैं। पिछले 8 सालों से भाजपा सरकार व विधायकों के राज में हालत और ज्यादा खराब हो गए है। विधायक चकडैम बनाने के बहाने अपने कार्यकर्ताओं को ठेका दिलवाकर करोड़ों रुपए का लाभ पहुंचा कर जनता का



पैसा बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन गोला तट पर बसे लोगों को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। भाकपा(माले) कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारी पार्टी की लंबे समय से मांग है कि गोला किनारे स्थाई तटबंध बनाया जाए। परन्तु कोई भी स्थानीय विधायक अभी तक इस मामले में पहल नहीं ले सका है। प्रशासन राजस्व गांव ना होने का बहाना करके सिर्फ लोगों को नोटिस देकर कहीं और शिफ्ट होने का आदेश दे देता है। सरकार और विधायक राजस्व गांव बनाना नहीं चाहते। पुष्कर दुबड़िया ने मांग की कि जिन लोगों का घर और जमीन बह रही हैं उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए और जल्द ही यहां स्थाई तटबंध बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि यदि शासन प्रशासन जल्द कोई कदम नहीं उठाता है तो भाकपा(माले) बरसात खत्म होते ही इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी और अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाएगी। भाकपा (माले) टीम में गोविंद जीना, हरीश भंडारी, आनंद दानू, आइसा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, अनिता अन्ना, अस्मिता , उत्तम,पुष्कर दुबड़िया आदि लोग थे।

# लाल बादशाह ने थ्रो बॉलबॉल टीम व कोच टीशेरिंग को सम्मानित किया

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी गुलाम लाल मोहम्मद उर्फ लाल बादशाह ने उत्तराखंड की थ्रो बॉलीबॉल टीम और उनके समर्पित कोच टीशेरिंग कोच को सम्मानित किया। यह टीम हाल ही में चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुई थी, और खिलाड़ियों का मानना घ्है कि अगर लाल बादशाह का सहयोग ना मिलता तो उनकी टीम का वहां पहुंचना नामुमकिन था। कोच टीशेरिंग पोस्ट संचालित बोले हमारे पास तो किराए तक के पैसे नहीं थे, लेकिन लाल मोहम्मद जी ने हमें मदद की उनका यह एहसान हम हमेशा याद करते हैं। हमारा सपना है कि हम हर कठिन परिस्थितियों से भारत और उत्तराखंड का नाम ऊंचा करें। सम्मान समारोह में लाल बादशाह ने खिलाड़ियों को अपने दमखम में जोश दिलाते हुए कहा कोशिश करनी चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। दुनिया असंभव कहती है, लेकिन मैं कहता हूं ऐसा कुछ नहीं है जोश हो तो सब संभव है आप लग जाइए, मेहनत करते रहिए। टीम और कोच ने कहा कि लाल बादशाह ग्रुप द्वारा सहयोग दिया गया हमेशा याद हैं सम्मान के दौरान पुष्पा देवी, नवीन, अनिल सिंह राणा, शिव सिंह, नाजिर, धर्म सिंह, दिनेश कुमार, मनीष, कविता, रेखा, सादिक, रोमा और विजय। खिलाड़ी शामिल थे।



# 101 लीटर कच्ची शराब सहित 4 तस्कर गिरफ्तार

किच्छा/पुलभट्टा। नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली पुलिस की टीम ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कच्ची शराब बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना पुलिस के उप निरीक्षक प्रताप सिंह सुयाल के नेतृत्व में पुलिसकर्मी चारु पंत एवं मानवेंद्र सिंह की टीम ने फ्लाई ओवर के नीचे एक संदिग्ध युवक को रोक लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम पता ग्राम पुलभट्टा कॉलोनी, वार्ड नंबर 17 निवासी बलबीर सिंह पुत्र बलदेव सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी बलवीर सिंह के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे से 32 पाउच में रखी करीब 16 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। इधर किच्छा कोतवाली के उप निरीक्षक बसंत प्रसाद की अगुवाई में पुलिसकर्मी किशोर कुमार एवं मदन सिंह की टीम ने ग्राम लालपुर में शमशान घाट के निकट दूधिया नगर, वार्ड नंबर 12, थाना रुद्रपुर निवासी राजपाल पुत्र राम अवतार को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से बरामद सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे से 100 पाउच में रखी 35 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली। इधर कलकत्ता पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक महेश चंद्र की अगुवाई में पुलिसकर्मी यशपाल आर्य एवं हरीश मेहरा की टीम ने गश्त के दौरान चौकी अंतर्गत माता फॉर्म पुलिया के निकट ग्राम बखपुर भगवानपुर, किच्छा निवासी बलबीर सिंह पुत्र काका सिंह को कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के पास 60 पाउच में रखी 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले ली। इधर उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह की अगुवाई में कांस्टेबल यशपाल आर्य एवं हरीश मेहरा की टीम ने गश्त के दौरान ग्राम जगतारपुर, थाना सितारगंज निवासी गुरचरण सिंह पुत्र सतनाम सिंह के कब्जे से 90 पाउच में रखी करीब 30 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।




# शिव पार्वती मंदिर समिति आवास विकास द्वारा गणपति विसर्जन धूमधाम से संपन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शिव पार्वती मंदिर समिति आवास विकास की ओर से गणपति विसर्जन कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पं. राजीव गौतम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गणपति बप्पा से सभी की खुशहाली की प्रार्थना की।समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ गणपति



विसर्जन आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश भुड्डी, महामंत्री सतीश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष रमन छाबड़ा, उपाध्यक्ष निर्मल नारंग, धीरज ईशपुजानी, हरीश रल्हन, आकाश कोचर, दीपक ग्रोवर, रिया गुम्बर, संध्या गोयल, अंजू भुड्डी, राधा, इन्दू गोल्डी गंभीर, रजनी बांगा, शीतल कालड़ा सहित सभी पदाधिकारीगण, महिला मंडल, युवा मंच एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अवैध स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत लालपुर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध स्मैक की तस्करी करते दबोच लिया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से करीब 07.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के दिशा निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध नशे की रोकथाम तथा नशे के अवैध कारोबार में लिप्त तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में लालपुर पुलिस चौकी प्रभारी बसंत कुमार के नेतृत्व में



पुलिसकर्मी किशोर कुमार, मदन नाथ एवं मनोज कुमार की टीम चौकी अंतर्गत क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम ने ग्राम मेहराया - देवस्थली संपर्क मार्ग पर एक संदिग्ध युवक को रोक लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक के कब्जे से 07.40 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता ग्राम टिब्बा, लालपुर, कोतवाली किच्छा, जिला उधम सिंह नगर निवासी कलीम अली पुत्र सादिक अली बताया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में किसी प्रकार की नशा तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया कि स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डॉ.गणेश उपाध्याय को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की मांग

किच्छा। उधम सिंह नगर में कांग्रेस संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी जारी है। इसी बीच कांग्रेस के जिला सचिव एन.यू. खान ने पार्टी हाईकमान एवं प्रदेश नेतृत्व से वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है।जारी बयान में खान ने कहा कि डॉ. उपाध्याय पिछले 35 वर्षों से पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सक्रिय हैं। छात्र संघ और युवा कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूती दी। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी के सलाहकार और दर्जा राज्यमंत्री रहते हुए भी डॉ. उपाध्याय ने कर्मठता से जिम्मेदारी निभाई और हमेशा कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़े रहे।खान ने कहा कि डॉ. उपाध्याय ने किसानों व जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर उत्तराखंड हाईकोर्ट में आवाज बुलंद की है। उनका मानना है कि यदि डॉ. उपाध्याय को उधम सिंह नगर जिले की कमान सौंपी जाती है तो वह कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने में सक्षम रहेंगे।



# कमिश्नर ने लिया नंदा सुनंदा महोत्सव का जायजा



नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री उत्तराखंड दीपक रावत बुधवार सांय, नैनीताल में आयोजित श्री माँ नंदा सुनंदा महोत्सव में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नैयना देवी मंदिर में पहुंच कर सांयकालीन आरती में सामिल कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने मेले का भी जायजा लिया। कहा कि मेले की व्यवस्था साल दर साल बेहतर हो रही हैं। नंदा महोत्सव पर नैनीताल नगर का माहौल अद्भुत और दर्शनीय होता है।साथ ही इसको मानस खंड से भी जोड़ा गया हैं। नगर को बेहतर बनाने के कई विकास कार्य भी किए जा रहे हैं।जिसके अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था, ड्रेनेज, कूड़ा निस्तारण आदि पर भी बेहतर कार्य किया जाना है। जिसके लिए जिला प्रशासन अपने स्तर से कार्य कर रहा है।उन्होंने महोत्सव को बेहतर और भव्य बनाने के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की।

# आदिकर्मयोगी अभियान के अंतर्गत दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर। जिला प्रशासन उधम सिंह नगर एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से चल रहे आदिकर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफल आयोजन प्रसार प्रशिक्षण केंद्र, रुद्रपुर में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकुंद बिहारी, उप निदेशक, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जल संस्थान के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, गैर सरकारी संगठन और जिला मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान जिला मास्टर ट्रेनर्स ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से क्षमता वर्धन किया तथा विभागों के आपसी समन्वय से अभियान को सफल बनाने के लिए साझा मंच तैयार किया। गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद उधम सिंह नगर के चयनित 68 जनजातीय गांवों को विभिन्न संरचनात्मक विकास कार्यों और सेवाओं से जोड़कर उनके समग्र एवं सतत विकास का लक्ष्य रखा गया है।



# खाटू जी महाराज के जागरण में भजनों की धूम





किच्छा (उद संवाददाता)। भारी बारिश के बीच में नवीन गल्ला मंडी स्थल में प्रस्तावित श्री श्याम खाटू महाराज का जागरण यहां रुद्रपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में संपन्न हुआ। श्री खाटू श्याम का यह कीर्तन 1 सितंबर को प्रस्तावित था जो कि भारी बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा ।श्री श्याम युवा मित्र मंडल एवं श्री श्याम सत्संग मंडल के तत्वाधान में आयोजित 31 वें श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम में बाहर से आए गायक कलाकारों ने श्री खाटू श्याम की लीलाओं का भजनों के माध्यम से सुंदर वर्णन किया। इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो श्रद्धालु गण खाटू महाराज की भक्ति में लीन नजर आए। पूरा वातावरण खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान बाबा के भजनों पर महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित बैंक्विट हॉल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। मंगलवार की देर शाम शुरू हुआ भजनों का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। मौसम खराब होने तथा बारिश के बावजूद पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। संकीर्तन महोत्सव में कलकत्ता से आए गायक शुभम एवं रूपम की जोड़ी ने मधुर आवाज में अपनी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इंदौर से आई भजन गायिका कनिका ग्रोवर एवं ग्वालियर के आशीष शर्मा ने सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए। हरियाणा से आई राहुल राज म्यूजिकल ग्रुप की टीम ने खाटू श्याम महाराज के कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कलाकारों ने मोर छड़ी लहराई रे, जरी की पगड़ी बांधे, लाल गुलाब से सजाया तेरा दरबार, जी लेंगे सरकार तेरी दरबारी में, मेरी जिंदगी संवारी मुझको गले लगा कर, हमारी दौलत है खाटू वाला- हमारी शोहरत है खाटू वाला, श्याम सांवरे मेरे श्याम सांवरे आदि भजन प्रस्तुत कर सभी को भक्ति रस में लीन कर दिया। संकीर्तन महोत्सव में छप्पन भोग, राधा रसोई, फूलों की होली, बाबा का विशाल दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। संकीर्तन महोत्सव में श्री खाटू जी श्याम महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। विधायक बेहड़ ने श्याम बाबा के दरबार में उत्तराखंड एवं देश के चौमुखी विकास, आपसी भाईचारे, प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम आयोजक एवं समिति सदस्य गिरधारी लाल गोयल, महेंद्र गोयल सहित युवा टीम के सचिन जिंदल, उदित अग्रवाल, सन्नी गौरव बंसल, शुभम गोयल, गौतम गर्ग की टीम ने विधायक बेहड़ को संरोपा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, गिरधारी लाल गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल, वेद प्रकाश गोयल, संजीव खन्ना, लवी सहगल, विवेक दीप सिंह, महेंद्र गोयल, सचिन जिंदल, सन्नी अग्रवाल, अनूप गोयल, उदित अग्रवाल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

## सीएमओ डा. अग्रवाल ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरा व किच्छा का निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरा व किच्छा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई के निर्देश सम्बन्धित कर्मचारियों को दिये तथा बारिश के कारण क्षतिग्रस्त कार्य की मरम्मत जल्द ही कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी संचालित कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जल्द ही चिकित्सक की तैनाती करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिनके द्वारा प्रातः 08:00 बजे से 02 बजे तक ओपीडी संचालित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डा. महेन्द्र कुमार जायसवाल, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा डा. राहुल गौड़, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उप जिला चिकित्सालय सितारगंज डा. कुलदीप सिंह, जावेद अहमद, आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।



## बारावफात को लेकर एसपी सिटी ने ली पीस कमेटी की बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा आगामी बारावफात (ईदुल-मिलादनवी) के दृष्टिगत सभी अधीनस्थों को अपने अपने क्षेत्रों में स्थापित पीस कमेटी/सीएलजी की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस आदेश के क्रम में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी द्वारा आगामी बारावफात (ईदुल-मिलादनवी) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु बनभूलपुरा क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रतिष्ठित एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें सभी से अपील की गई कि धार्मिक आयोजन के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखें। धार्मिक आयोजन के दौरान प्रभावी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अराजक तत्वों पर नकेल कसी जाएगी। कोई भी व्यक्ति जानबूझकर किसी भी धर्म का अपमान नहीं करेगा। उन्होंने कहा यदि ऐसा करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्थाओं से बिजली की पर्याप्त आपूर्ति देने को कहा। धार्मिक आयोजन के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा सभी प्लेटफार्म पर मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को प्रचारित प्रसारित न करें अन्यथा विधि नियुक्त करेंगे। इस दौरान बैठक में सुशील कुमार प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा, सुशील जोशी वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनभूलपुरा, नगर निगम के प्राधिकारी समेत सीएलजी, पीस कमेटी के सदस्य, व्यापार मंडल, स्थानीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी रामनगर, प्रभारी निरीक्षक रामनगर अरुण कुमार सैनी तथा सदर जामा मस्जिद आदि संभ्रान्त व्यक्ति सीएलजी सदस्यो, नगर पालिका के समस्त वार्ड मैम्बर आदि मौजूद रहे।



पूर्वक सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि कोतवाली क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में गश्त, पिकेट लगाएंगे तथा बाजारों में भीड़भाड़ के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के धार्मिक अनुयाई समेत अभिसूचना इकाई तथा थाना पुलिस बल उपस्थित रहे। इसी क्रम में आगामी बारावफात को शान्ति व सौहार्द पूर्वक मनाए जाने हेतु कोतवाली रामनगर में पीस कमेटी की बैठक में आगामी त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी साथ ही धार्मिक आयोजन के दौरान रामनगर क्षेत्र में निकाले जाने वाले जुलूस को पूर्व प्रचलित मार्गो से ही निकालने की हिदायत की गयी।

# अधिकारियों ने जन सुविधा शिविरों में सुनी समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम के वार्ड संख्या 31 और 32 में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वार्ड 32 में यह शिविर राजकीय इंटर कॉलेज, बनभूलपुरा में तथा वार्ड 31 में ताज मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यतः आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नई लाइट लगाए जाने की माँग, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत शिविर में कुल 56 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। इन सभी आवेदनों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों द्वारा वहीं पर किया गया। इसके अतिरिक्त, यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत विवाह पंजीकरण के 07 आवेदन प्राप्त हुए ।जन सुविधा शिविर में सिटी मजिस्ट्रेट श्री गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त श्री जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, वार्ड संख्या 31 के पार्षद श्री समीर अंसारी तथा वार्ड संख्या 32 की पार्षद श्रीमती फईम जैबा सलमानी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए शिविर का लाभ उठाया। जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपने वार्ड क्षेत्र में ही वन-स्टॉप सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जहाँ आधार कार्ड बनवाने और संशोधन, राशन कार्ड से संबंधित कार्य, विवाह पंजीकरण जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जा रहा है। इन शिविरों में अधिकारियों की प्रत्यक्ष मौजूदगी से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो रहा है और पारदर्शिता एवं विश्वास को नई मजबूती मिल रही है। जिला प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएँ। इन शिविरों का उद्देश्य है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान और सरकारी सेवाओं का लाभ उनके घर-पास ही मिल सके एवं योजनाओं का सीधा लाभ सरल एवं सहज तरीके से हर नागरिक तक पहुँच सके। सिटी मजिस्ट्रेट श्री गोपाल सिंह चौहान ने जानकारी दी कि आगामी जन सुविधा शिविर गुरुवार, 04 सितम्बर, 2025 को वार्ड संख्या 29 एवं 30 में उत्तर उजाला चौक पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इन शिविरों से लाभान्वित हों।




# रूद्रपुर में स्मार्ट ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की कवायद शुरू

## एआई आधारित हाईटेक एनपीआर कैमरों से होगा ट्रैफिक नियंत्रण, महापौर ने एसएसपी के साथ बैठक कर बनाई रूपरेखा





रूद्रपुर। हाल ही में इंदौर दौरे से लौटे महापौर विकास शर्मा ने इंदौर की तर्ज पर शहर को स्मार्ट बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। इसी के तहत बुधवार को महापौर ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा के साथ बैठक करके शहर में स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू करने के लिए रूपरेखा तैयार की। इस दौरान तय किया गया कि स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू करने के लिए नगर निगम और पुलिस प्रशासन मिलकर काम करेंगे। इसके तहत शहर में एआई तकनीक पर आधारित हाईटैक एनपीआर कैमरे लगाये जायेंगे। इस नई व्यवस्था को लागू करने वाला रूद्रपुर उत्तराखण्ड का पहला शहर होगा। महापौर विकास शर्मा हाल ही में इंदौर के दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने वहां के अत्याधुनिक ट्रैफिक नियंत्रण प्रणाली का अध्ययन किया। लौटने के बाद उन्होंने रूद्रपुर में भी वैसा ही सिस्टम लागू करने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में उन्होंने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और स्मार्ट सिस्टम की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।एसएसपी मणिकांत मिश्र एवं एएसपी रेवाधर मठपाल के साथ बैठक में महापौर ने बताया कि इंदौर में लागू स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम न केवल ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारु बनाता है, बल्कि अपराध नियंत्रण में भी बेहद प्रभावी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को उत्तराखंड का पहला ऐसा शहर बनाया जाएगा, जहां पूरे नगर निगम क्षेत्र को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हाईटेक एनपीआर (नंबर प्लेट रीडिंग) कैमरों से लैस किया जाएगा।महापौर ने जानकारी दी कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों, चौराहों और प्रवेश द्वारों पर उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की स्वत: पहचान कर तुरंत ई-चालान जारी कर सकेंगे। इस पूरी प्रणाली को यदि आवश्यक हुआ तो किसी विशेषज्ञ कंपनी के माध्यम से संचालित किया जाएगा, ताकि संचालन में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे।इस स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से न केवल नियमों का उल्लंघन रोकने में मदद मिलेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं और यातायात जाम की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, शहर में होने वाले अपराधों पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव होगा, क्योंकि ये कैमरे संदिग्ध गतिविधियों और अपराधियों की पहचान करने में भी सक्षम होंगे।महापौर शर्मा ने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र ही राज्य सरकार को भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आशीर्वाद से इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जाएगा और रूद्रपुर शहर को इस एडवांस टैक्नॉलाजी से जुड़ने वाला पहला शहर बनाया जायेगा। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने भी इस योजना को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि रूद्रपुर पुलिस के पास पहले से ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम की सुविधा उपलब्ध है। अब उसमें अत्याधुनिक कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी और सिस्टम को एआई तकनीक से जोड़ा जाएगा। इससे आम जनता को न केवल बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि अपराध नियंत्रण में भी अप्रत्याशित सुधार देखने को मिलेगा। अगर यह योजना सफलतापूर्वक लागू होती है, तो रूद्रपुर उत्तराखंड का पहला ऐसा शहर बन जाएगा, जहां ट्रैफिक प्रबंधन पूरी तरह से अत्याधुनिक और तकनीकी रूप से सुसज्जित होगा

## किसानों का शिष्टमण्डल डीएम से मिला



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला कार्यालय में किसान बन्धुओं के शिष्टमण्डल ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से भेट की व धान खरीद को लेकर वार्ता की। उन्होने कहा कि इस बार धान की फसल का क्षेत्रफल अधिक है व 01 अक्टूबर से धान की फसल की कटाई प्रारम्भ हो जायेगी। इसलिए उन्होने 01 अक्टूबर से तौल कांटे लगाने व गतवर्ष से अधिक तौल कांटे लगाने का अनुरोध किया। उन्होने कच्चे आढ़तियों की खरीद को और पारदर्शी बनाने, धान तौल के पश्चात एमएसपी दर पर भुगतान शीघ्र कराने, कच्चे आढ़ती की धान खरीद मण्डी समिति के कांटे पर तौल अनिवार्य किया जाये व गेहूं बुआई से पूर्व डीएपी व एनपीके उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी भदौरिया ने कहा कि धान खरीद हेतु शीघ्र जिलास्तरीय समिति की बैठक शीघ्र करायी जायेगी। उन्होने कहा इस बार धान की फसल अच्छी है व रकवा भी बढ़ा है इसलिए समिति की बैठक में तौल कांटे बढ़ाने व अन्य जो भी सुझाव आयेगें व सहमति के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। किसान बन्धुओ को धान खरीद में किसी प्रकार की परेशानी नही आने दी जायेगी। शिष्टमण्डल में सलविन्दर सिंह कलसी, सुखविन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह, बलजीत, राकेश सिंह,अरूण कम्बोज, धर्मपाल सिंह,शकिल अहमद, साहब सिंह, अमरीन्दर सिंह आदि कृषक थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए मुस्लिम बच्चों ने की गुल्लक दान



गदरपुर। पंजाब के आपदा पीड़ितों की मदद के लिए बच्चे गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचे, जहां अपनी गुल्लक के पैसे बाढ़ पीड़ितों के लिए दिए। बुधवार को वार्ड नंबर आठ के पूर्व सभासद मोहम्मद आलम की बेटी जेबा 10 वर्षीय और आठ वर्षीय बेटा मोहम्मद आजाद अपनी गुल्लक लेकर गुरुद्वारा सिंह सभा के कार्यालय में पहुंचे। छोटे-छोटे बच्चों को कार्यालय में देख भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं महासचिव विक्रम गोरोया ने उनसे आने का कारण पूछा तो जेबा और मोहम्मद आजाद ने बताया कि उन्होंने पंजाब में आई आपदा से प्रभावित पीड़ितों की मदद की अपील को सुना था। उनके मन में ख्याल आया कि वह भी अपनी गुल्लकों में जमा राशि को आपदा पीड़ितों की मदद के लिए दान देंगे। जेबा और मोहम्मद आजाद की दोनों गुल्लकों को खोला गया, जिसमें 62,750 रुपये की धनराशि निकली। वही 40 हजार की धनराशि सौंपी। जेबा और मोहम्मद आजाद के पिता मो. आलम की ओर से आपदा प्रभावितों के लिए 40 हजार की धनराशि सौंपी गई। गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी राजेंद्र सिंह ने अरदास कर दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दानदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ज्ञान सिंह, विक्रम सिंह गोराया, बलराज सिंह राणा, सर्वजीत सिंह, पलविंदर सिंह, किशन सिंह, परवीन पाल सिंह, हैप्पी विर्क आदि थे।

## सांसद भट्ट ने हनुमान धाम में लिया आर्शीवाद

रामनगर (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री व नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद अजय भट्ट हनुमान धाम पहुंचे। जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद अजय भट्ट हनुमान धाम छोई में आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा नेताओं और



कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान जी के दर्शन किए और बजरंग बली का आर्शीवाद लिया। उसके बाद भाजपा नेताओं औरकार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, इंदर सिंह रावत, विपिन कांडपाल,पूरन नैनवाल,आशा बिष्ट, पूर्व नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, पूर्व प्रधान बब्बू चौधरी ,पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हेम चंद्र जोशी आदि लोग मौजूद रहे

## नगर निगम ने आवास विकास दशमेश नगर से हटाया अतिक्रमण





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बरसात में लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुखअपना लिया है। बुधवार शाम आवास विकास स्थित दशमेश नगर क्षेत्र में निगम प्रशासन ने व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया साथ ही अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त कर लिया।इस अभियान का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने किया। टीम के साथ निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा जेसीबी मशीन भी मौके पर मौजूद रही। निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। गौरतलब हो कि दशमेश नगर में दुकानदारों द्वारा सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से बोर्ड, टेबल, स्टैंड एवं अन्य सामान रखे गए थे, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में हाल ही में क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्डवासियों ने महापौर से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर महापौर ने तत्काल नगर निगम के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। बुधवार शाम को कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे लगाए गए अवैध बोर्ड, साइन बोर्ड, स्टैंड इत्यादि हटाकर जब्त कर लिए। साथ ही दुकानों के सामने अवैध रूप से रखा गया सामान भी कब्जे में ले लिया गया। अभियान के दौरान सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भारी जर्माना भी लगाया जाएगा।

## अनाज मंडी में बाल रामलीला का हुआ भव्य समापन



गदरपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय अनाज मंडी में चल रही बाल रामलीला का शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन के साथ समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी बलदेव ढींगरा उपस्थित रहे, जिन्हें बाल रामलीला समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समिति ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था, जिसमें स्थानीय बाल कलाकारों ने श्रीराम की जीवनगाथा का सुंदर मंचन किया। कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग मिला। बलदेव ढींगरा ने आयोजन समिति को हर संभव सहयोग दिया। समापन अवसर पर उन्होंने बाल रामलीला कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के माध्यम से रामायण जैसे पावन ग्रंथ की शिक्षा देना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## श्री शिव दुर्गा मंदिर में युवा रामलीला का भव्य शुभारंभ



गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 1, करतारपुर रोड स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर परिसर में युवा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू ने फीता काटकर किया।इस शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मिंटू ने मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ष्भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को दिशा देते हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में पंडित बृजेन्द्र शास्त्री जी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया गया। इस मौके पर वार्ड नंबर 1 के सभासद प्रतिनिधि चिंतन अरोड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू शुक्ला उर्फ बड़े भैया, डॉ. गणपति विश्वास, दीपक ग्रोवर, राहुल भाटिया, संतोष श्रीवास्तव, आकाश कोचर, प्रियांशु गुप्ता, वंश गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जलवायु परिवर्तन की तबाही

हिमनदों का तेजी से पिघलना जलवायु परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का संकेत है। इससे विनाशकारी बाढ़, जल संकट, समुद्र के स्तर में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन जैसे संकट की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हिमनदों के पिघलने से पहाड़ों पर नई झीलें बन रही हैं और पहले से बनीं झीलों का दायरा भी बढ़ रहा है, जो कभी भी आसपास के इलाकों में भयंकर तबाही मचा सकती हैं।केंद्रीय जल आयोग की हालिया रपट में कहा गया है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र में 432 हिमनद झीलों का आकार चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। इस वर्ष जून के दौरान इन झीलों के जल क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है। सवाल यह है कि ये झीलें बढ़ते पानी का दबाव आखिर कब तक झेल पाएंगी? ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में जल का यह अथाह भंडार बड़ी आपदाओं का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि इन हिमनद झीलों का गहन अध्ययन किया जाए और इनकी नियमित रूप से निगरानी की जाए।केंद्रीय जल आयोग की रपट के मुताबिक, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के हिमालयी क्षेत्र में हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं और वहां बनी झीलों का आकार लगातार बढ़ रहा है। भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2011 में 1,917 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़ कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यानी इन झीलों के क्षेत्रफल में 30.83 फीसद की वृद्धि हुई है, जो आसपास की आबादी के लिए कभी भी प्रलयकारी साबित हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक 197 विस्तारित हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान और दून विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी पाया गया है कि उत्तराखंड में हिमनदों के पिघलने से बन रही झीलों में मिट्टी, मलबा और पत्थर भी जमा हो रहे हैं। प्रदेश में पिछले दस वर्षों में हिमनद झीलों की संख्या 19.2 फीसद तक बढ़ी है। इससे साफ है कि खतरा लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात साफ हो चुकी है कि बढ़ता वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन हिमनदों के पिघलने का मुख्य कारण है। इसका नतीजा न केवल विनाशकारी बाढ़ के रूप में देखने को मिल सकता है, बल्कि गंभीर जलसंकट जैसी स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाकर और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर सतत विकास के माडल पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार, समाज, विज्ञान और जनमानस को मिल कर इस चुनौती से निपटने के उपायों पर काम करना होगा।

## जीएसटी में कटौती जनहित में: अमित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी में कटौती कर व्यापारियों व उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया है। रुद्रपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित आर्य ने एक बयान में कहा कि सरकार के इस कदम का रुद्रपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन हार्दिक स्वागत करता है। सरकार के इस कदम से उत्पादों के मूल्य में गिरावट आएगी जिससे निश्चित ही व्यापार में वृद्धि होगी और व्यापार का आकार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि साथ ही हम केंद्र व राज्य सरकार से निवेदन करते हैं कि जीएसटी का और सरलीकरण किया जाए जिससे कि व्यापारियों की संख्या में वृद्धि हो, स्थानीय उत्पादों का व्यापार आसान हो और प्रदेश व देश समृद्धि की ओर अग्रसर होगें।

# सिख संगठनों ने सीएम धामी का जताया आभार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में एस. नरिंदर जीत सिंह बिंद्रा, अध्यक्ष, श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट, के नेतृत्व में विभिन्न सिख संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हेमकुंड साहिब रोपवे महापरियोजना के लिए आभार व्यक्त किया। हेमकुंड साहिब रोपवे: गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किमी लंबी परियोजना, जिसकी अनुमानित लागत 2,730.13 करोड़ है। श्री बिंद्रा ने कहा कि हेमकुंट साहिब सिख धर्म का एक पवित्र और ऐतिहासिक तीर्थ है। वहाँ तक पहुँचने का रास्ता कठिन और जोखिम भरा होता है। इस रोपवे परियोजना से न केवल लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी यह आर्थिक और सामाजिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सिख संगठनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ष्प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल बनाने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। हेमकुंट साहिब रोपवे न केवल एक संरचनात्मक परियोजना है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और श्रद्धा का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह भी कहा कि परियोजना का कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किया जाएगा और निर्माण के प्रत्येक चरण में पर्यावरणीय मानकों और स्थानीय जनभावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उत्तराखंड राज्य में



परिवहन एवं अवसंरचना विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के बीच लगभग 7,000 करोड़ की अनुमानित लागत से देश की सबसे बड़ी रोपवे परियोजना स्थापित करने हेतु समझौता संपन्न हुआ है। इस साझेदारी के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स एवं निर्माण लिमिटेडऔर उत्तराखंड सरकार के बीच एक संयुक्त विशेष प्रयोजन वाहन का गठन किया जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार की 51% और राज्य सरकार की 49% हिस्सेदारी होगी। यहैच्ट राज्य में रोपवे परियोजनाओं के निर्माण, संचालन, प्रबंधन एवं रखरखाव का कार्यभार संभालेगा। इस प्रयास के तहत कई प्रमुख रोपवे परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें विशेष रूप से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक की 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना प्रमुख है, जिसकी अनुमानित लागत 2,730.13 करोड़ है। यह परियोजना श्रद्धालुओं की यात्रा को अत्यंत सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी, विशेषकर बुजुर्गों और असहाय यात्रियों के लिए यह सुविधा एक बड़ी राहत साबित होगी। इस अवसर पर एस. नरिंदर जीत सिंह बिंद्रा अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट, एस. गुरबख्श सिंह राजन अध्यक्ष सिंह सभा देहरादून, एस. गुलजार सिंह सचिव सिंह सभा देहरादून एस. गुरदीप सिंह अध्यक्ष सिंह सभा डोईवाला, एस. ओंकार सिंह, अध्यक्ष सिंह सभा नूनावाला,एस. मोहिंदर सिंह बबली, अध्यक्ष सिंह सभा हरिद्वार, एस. हरमोहिंदर सिंह अध्यक्ष सिंह सभा पटेल नगर,एस. साहब सिंह अध्यक्ष सिंह सभा शेरगढ़,एस.ओंकार सिंह राजा सिंह सभा डोईवाला, एस. बलबीर सिंह साहनी अध्यक्ष गुरुद्वारा रेसकोर्स देहरादून, श्री नीरज कोहली वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

## जुलूस ए मोहम्मदी में पैदल शिरकत करे समाज : मुशीर

सितारगंज(उद संवाददाता)।जश्ने ईद मिलादुन नबी के मौके पर जुलूस से मोहम्मदी का शुक्रवार की सुबह आगाज होना है। जुलूस ए मोहम्मदी में अदब, एहतराम और बेहतर व्यवस्था के लिए इस बार समाज के लोगों से पैदल ही जुलूस



में शामिल होने की अपील की गई हैं। इससे यातायात व्यवस्था भी व्यवस्थित रहेगी। जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी के महासचिव मुशीर अहमद लारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह प्रात: 9:00 से जुलूस से मोहम्मदी शहर की जामा मस्जिद से प्रारंभ होगा। जो शहर की मुख्य सड़कों से होता हुआ ईदगाह में संपन्न हो जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि इस बार जुलूस में वाहनों को लेकर न आए। अगर दूर-दराज से आने वाले लोग वाहनों को लेकर आते हैं तो गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर खड़ा कर जुलूस में पैदल ही शिरकत करें। उन्होंने कहा कि जुलूस में अदब और एहतराम के साथ चले।

## होनहार छात्रा समरा फातिमा का नवोदय विद्यालय में चयन

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौली कला वार्ड 19 की निवासी होनहार छात्रा समरा फातिमा का नवोदय विद्यालय में चयन होने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रा समरा फातिमा की उपलब्धि पर तमाम परिजनों एवं सगे संबंधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



नगर के सिरौली कला निवासी पेशे से ट्रक ड्राइवर अजीमुद्दीन की होनहार पुत्री समरा फातिमा ने नवोदय विद्यालय रूद्रपुर में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा 11 में प्रवेश पा लिया है। सिरौली कला स्थित मौलाना आजाद इंटर कॉलेज से हाई स्कूल सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में समरा फातिमा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। मेघावी छात्रा समरा फातिमा का चयन होने पर पूर्व ग्राम प्रधान सईदुल रहमान मलिक, जिला सचिव एन यू खान, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ गणेश उपाध्याय आदि गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चीन से निकटता संयुक्त राष्ट्र में बदलेगी भारत की भूमिका ?



प्रमोद भार्गव, पत्रकार/लेखक

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद वैश्विक व्यवस्था में बदलाव का अनुभव किया जा रहा है। दुनिया एक नए शीतयुद्ध की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। निर्मित होती इस नई स्थिति में अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ हैं, वहीं ब्रिक्स जैसे समूह दूसरी तरफ। इधर रूस, भारत और चीन एक मजबूत नए गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं। इसी का परिणाम रहा कि एससीओ में जारी संयुक्त घोषणा पत्र में पाकिस्तान की मौजदूगी में भारत में हुई आतंकी घटना पहलगाम हिंसा के जिम्मेदारों को सजा दिलाने पर मोहर लगना, भारत की एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। पहलगाम हमले की निंदा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उपस्थिति में की गई। इस घटनाक्रम को जहां पाकिस्तान की फजीहत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं अमेरिकी अखबारों ने डोनाल्ड ट्रंप को भारत, अमेरिका संबंधों में दरार डालने वाले खलनायक के रूप में पेश किया गया है। चूंकि यह सम्मेलन चीन में संपन्न हुआ है, इसलिए चीन को नई विश्व व्यवस्था के सूत्रधार के रूप में देखा जा रहा है। बावजूद क्या यह मान लिए जाए कि चीन और भारत के बीच सुधरते संबंधों के आईने में भारत को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् में सदस्यता दिलाने में वह सहयोगी बनेगा ?प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में आयोजित हुए एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले को भारत की अंतरात्मा पर आघात बताने के साथ, इसे विश्व बंधुत्व एवं मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक खुली चुनौती भी माना। मोदी ने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड त्यागने की जोरदार पैरवी की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य वैश्विक नेताओं की उपस्थिति में मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के प्रति हमारा कर्त्तव्य हैं। याद रहे पाकिस्तान आतंकवाद का जनक होने के साथ उसका सबसे बड़ा समर्थक देश है। अब तक चीन पाकिस्तान का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष समर्थन करता रहा है। चीन ने कथित तौर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान में स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद के पांच आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने की उन्हें वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के भारतीय प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया था। हालांकि कुछ समय पहले पाकिस्तान में मौजूद लश्कर के आतंकवादियों के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका द्वारा वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया था। इसे चीन ने भी सही ठहराया था। बावजूद चीन संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता या सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता लेने में सबसे बड़ी बाधा है। क्योंकि चीन स्वयं सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य है। इस कारण वैश्विक मंच पर अपने बीटो पावर का



उपयोग भारत के विरुद्ध करता रहा है। 2016 में परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भारत के प्रवेश को रोकने में चीन की यह ताकत भारतीय विदेश नीति के विस्तार में एक बड़ी बाधा रही है। चीन के पास सुरक्षा परिषद् के पांच सदस्यों में से एक के रूप में बीटो शक्ति है, अब तक इसका उपयोग वह संयुक्त राष्ट्र में भारत के सदस्य बनने से लेकर क्रूर आतंकियों को वैश्विक आतंकी घोषित करने के प्रस्तावों को भी रोकता रहा है। क्योंकि भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव चीन के वर्चस्व को चुनौती देता रहा है। चीन को यह वर्चस्व इसलिए खलता है, क्योंकि वह एशिया में अपना प्रभुत्व बनाए रखना चाहता है। एशिया में भारत ही ऐसा देश है, जो चीन के सामानांतर न केवल चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि सामरिक शक्ति से लेकर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भी अपनी धाक जमा रहा है। भारत और चीन के बीच गाढ़ी होती मित्रता में चीन के साथ भारत के सीमा विवाद और अन्य भू- राजनीतिक मुद्दे गौण होते दिख रहे हैं, इसी कारण उम्मीद जगी है कि अब चीन संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता में भारत का रोड़ा न बने। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन कर चुके हैं। साथ ही संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की भी मैक्रों ने वकालात की थी। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को परिषद का स्थायी सदस्य होना चाहिए। भारत की दलील है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की सुरक्षा परिषद् 21वीं सदी की लक्ष्यपूर्तियों के लिए पर्याप्त नहीं है। इसमें समकालीन भ-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिबिंब दिखाई नहीं देता है। वर्तमान में सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। परंतु पांच स्थायी सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं, इनमें से प्रत्येक देश के पास ऐसी शक्ति हैं, जो किसी भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर वीटो लगा सकता है। भारत 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र की उच्च परिषद् में अस्थायी सदस्य के रूप में चुना गया था। किंतु दुनिया का जो वर्तमान परिदृश्य है, उससे निपटने के लिए स्थायी सदस्यों की संख्या दुनिया का हित साधने के लिए बढ़ाई जानी चाहिए। इसीलिए मैक्रों को कहना पड़ा था कि 'सुरक्षा परिषद् के काम काज के तरीकों में बदलाव, सामूहिक अपराधों के मामलों में बीटो के अधिकार को सीमित करने और शांति बनाए रखने के लिए जरूरी फैसलों पर ध्यान देने की जरूरत है। अतएव जमीन पर बेहतर और बेहिचक तरीके से काम करने की दृष्टि से दक्षता हासिल करने का समय आ गया है। दरअसल मैक्रों की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 सितंबर 2024 को 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के कुछ दिन बाद आई थी इसमें मोदी ने इस बात पर जोर दिया था कि वैश्विक शांति और विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने कहा था कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। वाकई इस समय संस्थाएं अपनी प्रासंगिकता खोती दिखाई दे रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 15 सदस्य देशों की सुरक्षा परिषद् को भी पुरानी व्यवस्था का हिस्सा बताकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि अगर इसकी संरचना और कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है तो इस संस्था से दुनिया का भरोसा उठ जाएगा। दूसरे विश्व-युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम् मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। याद रहे चीन जवाहरलाल नेहरू की अनुकंपा से सुरक्षा परिषद् का सदस्य बना था। कांग्रेस नेता और संयुक्त राष्ट्र में अवर महासचिव रहे शशि थरूर की किताब 'नेहरू-द इन्वेंशन ऑफ इंडिया' में थरूर ने लिखा है कि 1953 के आसपास भारत को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनने का प्रस्ताव मिला था। लेकिन उन्होंने चीन को दे दिया। थरूर ने लिखा है कि भारतीय राजनयिकों ने वह फाइल देखी थी, जिस पर नेहरू के इंकार का जिक्र है। नेहरू ने ताइवान के बाद इस सदस्यता को चीन को दे देने की पैरवी की थी। अतएव कहा जा सकता है कि नेहरू की भयंकर भूल और उदारता का नुकसान भारत आज तक उठा रहा है। जबकि उस समय अमेरिका भारत के पक्ष में था। अब देखना होगा कि बदलते परिदृश्य में चीन भारत के प्रति किस तरह का आचरण अपनाता दिखाई देता है ?

# जिला टेलीकॉम समिति की बैठक सम्पन्न

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यालय के सभागार में हुई इस बैठक में जनपद में बीएसएनएल के नेटवर्क को सुदृढ़ करने, विभिन्न योजनाओं के तहत संचार कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने तथा लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई संचार योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों को अच्छी और गुणवत्ता परक सुविधाएं उपलब्ध कराएं।इस बैठक में इन्वेस्ट उत्तराखंड पोर्टल, भारत नेट परियोजना, 4 जी सैचुरेशन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई तथा जिलाधिकारी ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बैठक में बताया कि इन्वेस्ट उत्तराखंड पोर्टल पर वर्तमान तक 256 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सभी आवेदनों का निस्तारण कर लिया गया है। इन आवेदनों में 243 आवेदन स्वीकृत किए गए, 1 आवेदन अस्वीकृत किया गया तथा 12 आवेदन लौटाए गए हैं।भारत नेट परियोजना के अंतर्गत आच्छादित हवालबाग तथा ताकुला विकासखंड की ग्राम पंचायतों की कुल संख्या 218 है। इन ग्राम पंचायतों ने कनेक्टिविटी अपग्रेडेशन का कार्य गतिमान है। अन्य 9 विकासखंडों में भारत नेट परियोजना के अंतर्गत इंटरनेट कनेक्टिविटी से आच्छादित किया जाना है।जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देशित किया कि योजनाओं का कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाए।



# संस्कार पब्लिक स्कूल ने पंजाब भेजी राहत सामग्री

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंजाब में आयी भारी बाढ़ के प्रति रूद्रपुर के वार्ड 06 स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के मैनेजमेंट एवं बच्चो द्वारा भारी मात्रा में राहत सामाग्री एकत्र कर जिंदगी जिंदाबाद संस्था के माध्यम से पंजाब भेजी गयी।प्रबंधक दीपक चराया आज नगर के संस्कार पब्लिक स्कूल ने मानवसेवा के क्षेत्र में एक नया कदम बढ़ाते हुये प्रबंधक दीपक चराया एवं प्रधानाचार्य दीपमाला चराया के प्रयासो से राहत सामाग्री एकत्र की।प्रबंधक दीपक चराया नें जानकारी देते हुये बताया कि पूरा देश पंजाब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पूरा भारत देश एक है। बच्चो के अंदर आधुनिक शिक्षा के साथ समाजसेवा का जज्बा भी भरा जाना चाहिये। समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि विद्यालय का यह प्रयास लघु जरूर है, लेकिन प्रेरक एवं सराहनीय है। इससे पूरे क्षेत्र को प्रेरणा मिल रही है। हमें भी आज पंजाब के साथ खड़ा होने की जरूरत है। इस दौरान जिंदगी जिंदाबाद के करमजीत सिंह चन्ना, हरजिंदर सिंह लाडी, हैप्पी रंधावा, सुमित खुराना, मीना सत्याल, रेनु उपाध्याय, गुंजन गक्खर, ममता, शिवानी, फिजां, आदि उपस्थित थे।



# कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत, महिला घायल

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। निर्मल नगर से आ रहे एक ई-रिक्शा को बुधवार को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के दौरान मौत ने अपने आगोश में ले लिया। हादसे में एक महिला यात्री भी घायल हुई है, जिसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, टैगोर नगर निवासी 60 वर्षीय शैलेंद्र हालदार बुधवार को अपना ई-रिक्शा लेकर निर्मल नगर से शक्तिफार्म बाजार जा रहे थे। ई-रिक्शा में निर्मल नगर निवासी महिला रितु ढाली सवार थीं। इसी दौरान निर्मल नगर पेट्रोल पंप के समीप जयनगर रोड से आ रही कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में शैलेंद्र हालदार और रितु ढाली दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शैलेंद्र की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें सितारगंज के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। देर शाम इलाज के दौरान शैलेंद्र की मौत हो गई। वहीं घायल महिला का उपचार सितारगंज के ही निजी अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में लेकर चौकी पहुंचाया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया।



# परिवहन विभाग का कारनामा, रूद्रपुर में खड़ी बाईक का टनकपुर में कटा चालान

रुद्रपुर। परिवहन विभाग द्वारा ऑनलाइन चालान प्रक्रिया में हो रही मनमानी और लूट-खसोट का ताजा उदाहरण सामने आया है। रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति की बाइक, जो टनकपुर रोड पर गई ही नहीं लेकिन उसका चालान टनकपुर में काट दिया गया। वार्ड नंबर एक निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसके मोबाइल पर अचानक उसकी बाइक संख्या यूके 06 बीएल 0136 का चालान संदेश आया। यह देखकर वह हैरान रह गया। चालान में एक हजार रुपये का जुर्माना अंकित किया गया है, जो 1 सितंबर को एआरटीओ टनकपुर के माध्यम से जारी हुआ। दस्तावेज में घटना स्थल टनकपुर रोड बनबसा चेक पोस्ट दर्शाया गया है और कारण ओवर स्पीड एवं हेलमेट न पहनना दर्ज किया गया है। बाइक स्वामी का कहना है कि चालान की तारीख को उसका वाहन रुद्रपुर से बाहर गया ही नहीं। ऐसे में परिवहन विभाग ने चालान किस आधार पर काटा, यह समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ऑनलाइन प्रणाली की खामियों और मनमानी का स्पष्ट प्रमाण है। गौरतलब है कि परिवहन विभाग के ऑनलाइन चालान सिस्टम में गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई वाहन स्वामी गलत चालान की शिकायतें दर्ज करा चुके हैं। लोगों का कहना है कि बिना साक्ष्य और वाहन की वास्तविक लोकेशन की पुष्टि किए चालान काटना सीधा-सीधा आम जनता से धन उगाही जैसा है।

# ओमेक्स में लेन देन के विवाद को लेकर मारपीट

रुद्रपुर । पंतनगर थाना क्षेत्र के ओमेक्स कॉलोनी में पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक दबंग युवक द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अमेजन ए-104 ओमेक्स निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पुत्र करन का लेन-देन पृथ्वीपाल सिंह पुत्र मंजीत सिंह, निवासी लैम्डा-18 ओमेक्स से है। बीते 31 अगस्त को करन ने पृथ्वीपाल से पैसे मांगे तो उसने अपने घर बुलाकर भुगतान करने की बात कही। इस पर करन अपने भाई के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि घर के भीतर बुलाकर पृथ्वीपाल ने गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले तो पृथ्वीपाल ने धमकी दी कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो जान से मार देगा। राजेश कुमार का कहना है कि इसके बाद पृथ्वीपाल ने अपने वाहन सूख्या यूके 06बीजी -9719) से उनके पुत्रों की गाड़ी (न्ज्ञ06।न्-845) को टक्कर मार दी, जिसमें वे बाल-बाल बचे। आरोप है कि उक्त युवक दबंग प्रवृत्ति का है और उसका आपराधिक इतिहास भी है।राजेश ने बताया कि धमकी देने के इरादे से वह उनकी फर्म वेला ग्लोबल गेन, एलएलपी सिडकुल भी पहुंचा था। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# सिडकुल रोड में बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

सितारगंज(उद संवाददाता)।सिडकुल रोड में ओवरलोड वाहन सड़क हादसों को दावत दे रहे हैं। वाहनों में ओवर हाइट बजरी भरकर वाहन चालक दौड़ रहे हैं। जिससे बजरी के कंकड़ सड़क में गिरकर हादसों का खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। परिवहन विभाग सुरक्षित यातायात को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। सिडकुल रोड में वाहन चालक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस मार्ग में ओवरलोड, ओवर हाइट वाहनों की कतार चल रही हैं। जिससे छोटे वाहन, बाइक सवार लोगों को सड़क में सफर करना दूभर हो गया है। हालत यह है कि बिना नंबर प्लेट के लोडेड वाहन सड़क में दौड़ रहे है। परिवहन विभाग इसको लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। जिससे हमेशा बड़े हादसे का खतरा बना रहता है।



# खाईबाड़ी करता एक सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग करते हुए सट्टे की खाईबाडी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में अवैध सट्टा जुआ के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने के निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा सुशील कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस के कांस्टेबल महबूब आलम व सुनील कुमार ने चौंकिंग के दौरान खाईबाड़ी करते एक सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सददाम पुत्र अनवर अली निवासी ख्वा बरामदजा कालोनी इन्द्रानगर, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता व नकदी 1510 रुपए बरामद किये। पुलिस ने बरामद सामान जब्त कर सद्दाम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया



# डा. पंत ने हल्दूचौड़ के ग्राम जग्गीबंगर में बांटे पौध

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रमुख पर्यावरण विद् आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर आशुतोष पंत ने ग्राम पंचायत जग्गी बंगर हल्दूचौड़ के कार्यालय में आयोजित एक कार्य में ग्रामीणों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार औषधीय गुणों से भरपूर पौधों का वितरण किया। जिसमें पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य समाजसेवी भुवन पवार समेत क्षेत्र के अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।डॉ आशुतोष पंत ने कहा कि पौधों की देखभाल करना उनका बच्चों की तरह पालन पोषण करना बेहद पुनीत काम माना जाता है और जो व्यक्ति अपने जीवन में पौधारोपण कर उसकी देखभाल करता है उसके इहलोक तथा परलोक दोनों संवर जाते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी शंकर, जसवीर उत्तराखंडी, कपिल राणा, हरीश पलड़िया, रमेश चंद्र तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, देवेंद्र तिवारी, पंकज, कपिल, अमर सिंह, संजय दुम्का, पूरन पाठक, गौरव दुम्का समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**पर्यपैक्षक के सामने भिड़े....**शुरूआत में वरिष्ठ नेताओं के स्वागत सम्मान का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस के दो गुटों में नोंक झोंक शुरू हो गयी। कुछ ही देर में विवाद गाली गालौच और हाथापाई तक पहुंच गया। महानगर अध्यक्ष पद के दावेदार संजय जुनेजा और मौजूदा महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पक्ष के लोग पर्यवेक्षकों के सामने ही आमने सामने आ गये और दोनों पक्षों में टकराव शुरू हो गया। आरोप प्रत्यारोपों के बीच दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। इस दौरान कई कार्यकर्ता चोटिल हो गये। हंगामे और मारपीट के बीच कांग्रेस नेता राजेन्द्र मिश्रा भी घायल हो गये। मारपीट की शिकायत के बाद राजेन्द्र मिश्रा अन्य कांग्रेसियों के साथ शिकायत करने के लिए आदर्श कालोनी चौकी पहुंच गये। बताया जाता है कि चौकी में वार्तालाप चल ही रहा था कि इसी बीच अचानक राजेन्द्र मिश्रा की तबियत तेजी से बिगड़ गयी और वह बेहोश होकर गिर पड़े। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। मौके पर मौजूद कांग्रेसी उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले गये, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि राजेन्द्र मिश्रा को दौरा पड़ा है। उधर दूसरे गुट के कांग्रेसी राजेन्द्र मिश्रा की तबियत बिगड़ने का कारण मारपीट बता रहे हैं। कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हुई मारपीट का मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है। मामले में दोनों गुट एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे।

**जिला और महानगर...**प्रयास भी किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध के चलते वे इसमें सफल नहीं हो पाए। मोहन लाल खेड़ा ने साफ कहा कि इस पूरी घटना के दौरान दिल्ली और देहरादून से आए पर्यवेक्षक भी मौजूद थे, जिनके सामने जिला और महानगर अध्यक्ष की ओर से यह गुंडागर्दी की गई। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस आलाकमान को तत्काल प्रभाव से जिला और महानगर अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित करना चाहिए।इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और खुलकर सामने आ गई है। कार्यकर्ता अब यह सवाल उठा रहे हैं कि जब नेताओं की बैठक में ही गुंडागर्दी और मारपीट होगी, तो जनता के बीच पार्टी किस नैतिकता के साथ जाएगी

**ऊधमसिंहनगर की ...**अदालत से अभी तक याचिकाकर्ता की चुनाव याचिका पर कोई अतंरिम आदेश पारित नहीं हुआ। इसकी वजह से उन्हें नैनीताल हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के तर्क सुनने के बाद हाई कोर्ट ने मामले को संज्ञान लिए जाने योग्य माना तथा उधम सिंह नगर जिला मजिस्ट्रेट को याचिका के निराकरण तक मत पत्र नष्ट न करने का आदेश पारित किया ।

**एयरपोर्ट विस्तारिकरण...**से पहले इनके लिए आवास की कोई समुचित व्यवस्था की जाये ताकि यह परिवार अपने बच्चों के साथ जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य आवास योजनाओं के तहत भूमि का चयन कर आवास बनाकर दिये जायें। श्री शर्मा व श्री शुक्ला ने कहा कि वह दोनों इस सन्दर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मिलकर उनसे समस्या का न्यायोचित समाधान करने का आग्रह करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह प्रभावित परिवारों के हित के लिए अवश्य कोई कदम उठाते हुए अपने स्तर से भी रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे। ताकि परिवारों के समक्ष परेशानी न हो। प्रभावित परिवारों का कहना है कि वह पिछले करीब पांच से छह दशकों से यहां निवास करते आ रहे हैं। आज परिवार में छोटे छोटे बच्चे हैं। यदि उन्हें उजाड़ दिया गया तो पूरे परिवार का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

**सीएम दरबार पहुंचा...**उधम सिंह नगर अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड काशीपुर व सहायक अभियंता प्रथम सिंचाई खंड काशीपुर को लीगल नोटिस भेज कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की एक बार फिर से मांग उठाई लेकिन इस बार भी उपरोक्त तीनों अधिकारियों ने जवाब में हाथ खड़े कर दिए।

**गधेरे में बही ...**बाइक और फिर देवेंद्र के शव को खोज जा सका। ग्रामीणों की सूचना पर बेतालघाट ब्लॉक प्रमुख अंकित साह, पटवारी कमल जोशी, मो. शकील अहमद आदि दर्जनों लोग मौके पर पहुंचे।

# पर्वतीय रामलीला समिति के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

काशीपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय रामलीला 2025 समिति के अध्यक्ष वीडी कंडवाल ने अचानक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और सहयोगियों को लिऽत पत्र के माध्यम से इस निर्णय की जानकारी दी। कंडवाल ने पत्र में उल्लेऽ किया है कि उनकी तबीयत ठीक न होने के चलते वे इस समय रामलीला की तैयारियों, नियमित रिहर्सलों और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग नहीं ले सकते। इसी कारण उन्होंने 2 सितंबर 2025 से समिति की सभी गतिविधियों और जिम्मेदारियों से स्वयं को अलग करने का निर्णय लिया है। समिति के वरिष्ठ सदस्यों के अनुसार, कंडवाल के त्यागपत्र से संगठन में नया नेतृत्व चुनने की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श तेज हो गया है। समिति के कार्यकर्ताओं का कहना है कि कंडवाल का योगदान वर्षों से पर्वतीय रामलीला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रहा है और उनके अनुभव की कमी अवश्य ऽलेगी। फिलहाल समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आगामी दिनों में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# संवदेनशील मोबाइल टावरों पर लहरा दिए इस्लामिक झंडे

उधमसिंहनगर(उद संवाददाता)। ईद-ए- मिलाद-उन- नबी त्यौहार पर मुस्लिम युवकों का जोश इतना अधिक है कि तराई क्षेत्र के ऊंचे ऊंचे मोबाइल टावर्स पर चढ़ कर हरे इस्लामिक झंडे लहरा दिए। खास बात ये है कि मोबाइल टावर्स पर चढ़ना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके मुस्लिम युवकों ने अपने अपने गांवों में लगे इन टावर्स पर चढ़ कर झंडे लगा दिए और प्रशासन खामोश रहा। बड़ा सवाल ये है कि आखिर इन झंडों को लगाने वालो को प्रशासन और मुस्लिम समाज के मौलवियों ने उन्हें रोका क्यों नहीं ? उल्लेखनीय है कि मोबाइल सेवाओं को सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना गया है। खास तौर पर मोबाइल टावर्स में लगे संचार उपकरणों



को और भी सतर्कता की जरूरत रहती आई है। ईद-ए- मिलाद-उन-नबी के पर्व 5 सितंबर को मनाया जाना है इससे पहले उधम सिंह नगर के विभिन्न कस्बों में उत्साह का माहौल है और मुस्लिम परिवारों ने अपने घरों में हरे इस्लामिक झंडे लहराए है जिनमें चांद तारे के साथ साथ मक्का मदीना की तस्वीर अंकित है। खासतौर पर सूफी और बरेलवी मुस्लिम समुदाय इसे बड़े उत्साह से मनाते हैं। यह दिन पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाया जाता है। साल 2025 में यह त्योहार 12 रबी-अल-अव्वल, 1447 हिजरी को आया है। बहरहाल बाजपुर और काशीपुर क्षेत्र के कस्बों में ऊंचे मोबाइल टावर्स पर लगे इस्लामिक झंडे आते जाते लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर रहे है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहे है।








# त्यौहारों को लेकर अमन कमेटी की बैठक आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। आगामी त्यौहारों को मध्य नजर रखते हुए कोतवाली किच्छा में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समुदाय के सैकड़ो लोगों ने शिरकत की तथा अपने-अपने विचार रखें। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में नगर में शांति बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण माहौल में अपने अपने धार्मिक जुलूस को निर्धारित मार्गो पर ही जाने का एक मत से सहमति व्यक्ति की गई। कुछ आपत्तियां के अलावा बैठक सामान्य रूप से संपन्न रही। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का मार्ग निधारित किया गया तथा इसी प्रकार गणेश महोत्सव के लिए गणेश विसर्जन हेतु जाने वाले सभी यात्राओं का भी मार्ग निर्धारित किया गया यह स्पष्ट कहा गया कि पूर्व में न्यायालय के



नियमानुसार जारी मार्गों पर ही प्रत्येक समुदाय द्वारा अपने-अपने धार्मिक जुलूस निकल जाएंगे किसी को भी मार्ग बदलने की छूट नहीं दी जाएगी। जुलुस ए मोहम्मदी का मार्ग मुख्य मार्ग से ही होते हुए महाराणा चौक डीडी चौक अंबेडकर का चौक और निर्धारित आवास विकास रूट से ही संचालित किया जाएगा। बैठक में हसीब अंसारी शकील अहमद राजकुमार कोली, अखंड प्रताप सिंह, आमिर मलिक अब्दुल रशीद जग्गू नासिर खान, शहीदुल रहमान, राकेश यादव, मनमोहन सक्सेना, नौशाद, मोहम्मद इकरार, अख्तर राजा, अरुण तनेजा।

## धार्मिक जुलूस के निर्धारित मार्गों में कोई बदलाव नहीं

किच्छा। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने यहां आयोजित अमन कमेटी की बैठक में स्पष्ट किया है कि किसी को भी शांति एवं अमन चौन बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा किसी ने भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि धार्मिक जुलूस में जो मानक निर्धारित है उसी के अनुरूप जुलूस निकाला जाएगा उन्होंने कहा किसी को भी नए मार्ग पर चलने की अनुमति नहीं होगी तथा किसी भी प्रकार के मार्ग परिवर्तन को एक प्रक्रिया के तहत ही बदलाव किया जाता है। जिसके लिए प्रशासन एवं कई कानूनी परिस्थितियों का अनुपालन करना पड़ता है। किसी भी जुलूस के नए मार्ग का निर्माण करना या उसका मार्ग परिवर्तन करना एक प्रक्रिया के तहत संभव है जिसके लिए लिखित कार्यवाही की जाती है। कुछ लोगों के द्वारा मार्ग परिवर्तन किए जाने की बातों ने स्पष्ट कहा कि मार्ग परिवर्तन की क्रिया नियमानुसार की जाएगी किंतु वर्तमान में जो निर्धारित मार्ग है इस मार्ग पर प्रतीक धार्मिक जुलूस को ले जाने की अनुमति होगी इसके अलावा यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा धार्मिक जुलूस के मार्ग को परिवर्तित करने या उसे पर बाधा डालने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ तुरंत ही कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## आवास विकास समिति ने की रूट बदलने की मांग

किच्छा। आवास विकास समिति द्वारा पुलिस प्रशासन को सूचित करते हुए मांग की गई की जुलूस ए मोहम्मद नबी का जुलूस आवास विकास से होकर संचालित ना किया जाए। आवास विकास समिति के कार्यकर्ताओं का कहना था कि आवास विकास से होकर जुलूस को डायवर्स करने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा जुलूस में अधिक संख्या होने के कारण आवास विकास की सभी गलियां बंद हो जाती है



जिस वजह से आवास विकास के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है समिति का कहना था कि जुलूस को सीधे-सीधे मुख्य मार्ग पर वन वे करके संचालित किया जाए जिससे जाम इत्यादि लगने की भी समस्या उत्पन्न नहीं होगी। मार्ग परिवर्तित करने की मांग करने वालों में मुख्य रूप से प्रदीप ठाकुर संजीव सिंह विशाला सोनू गुप्ता, राजेंद्र शिखर पपनेजा संदीप अग्रवाल बिट्टू अरोड़ा, प्रीतम आयलानी, भजन अरोड़ा, अनूप मिगलानी, राजकुमार तनेजा सतीश चड्ढा आदि लोग उपस्थि थे।

## आपसी विवाद में शांति भंग करने पर दो भाईयों का चालान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली की चौकी बगवाड़ा पुलिस ने आपस में झगड़ा कर शांत व्यवस्था भंग करने के आरोप में दो भाईयों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिगवाल ने बताया कि बगवाड़ा पुलिस क्षेत्र नई बस्ती में दो भाईयों के बीच झगड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर एसआई मोहन चंद्र जोशी, दिलीप कुमार को मौके पर भेजा गया। पुलिस को दोनों में आपस में विवाद के बाद



मारपीट कर रहे। पुलिस ने दोनों को शांत भंग के आरोप में हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच में दोनों पक्षों में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा। आपस में मारपीट कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शांत भंग में राजेश और सुरेंद्र पाल को चौकी लेकर पहुंची। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की। दोनों को एसडीएम कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है


